QUICK NEWS

उरण में 2 हजार के पार हुई मरीजों की संख्या

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई. उरण तहसील के क्षेत्र में रविवार को कोरोना पॉजिटिव के 8 नए मरीज पाए गए. जिसमें यहां की श्रीसागर अपार्टमेंट मोरा रोड, जेएनपीटी, रिद्धी-सिद्धी विनायक बालई रोड उरण, मुलेखंड कोलीवाडा, नेवल स्टेशन, जेएनपीटी टाऊनशिप, बोकडविरा व सोनारी के 1-1 लोग शामिल हैं. इन नए मरीजों के मिलने के बाद अब इस तहसील में कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजों की संख्या 2020 हो गई है. उरण के तहसीलदार भाऊसाहेब अंधारे के अनुसार रविवार को इस तहसील के क्षेत्र में जहां कोरोना पॉजिटिव के 8 नए मरीज पाए गए हैं. वहीं 5 मरीज इस बीमारी को मात देकर अपने घर लौट आए हैं. जिसके बाद इस बीमारी से ठीक हुए लोगों की संख्या अब 1812 हो गई है. जबकि इस बीमारी से ग्रस्त 104 लोगों का अब भी उपचार जारी है. जबकि इस बीमारी से अब तक 104 लोगों की मौत हुई है.

जिले में मरीज 2 लाख के पार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

ठाणे. रविवार को जिले में कोरोना पॉजिटिव के 1083 नए केस पाए गए हैं, जबकि 25 लोगों की मौत दर्ज की है. वहीं जिले में कुल कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 2 लाख पार कर गया हैं और अब तक कुल 2 लाख 470 केस सामने आ चुके हैं. इनमें से 5070 लोगों की मौत हो चुकी है. ठाणे जिले में कोरोना का सबसे अधिक फैलाव ठाणे मनपा के साथ ही कल्याण-डोंबिवली और नवी मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण परिसर में नजर आ रहा है.

1083 पॉजिटिव मिले रविवार को

25 लोगों की मौत

2,00,470 कुल कोरोना संक्रमित

जिला प्रशासन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिले के ठाणे मनपा में पिछले एक सप्ताह से सबसे अधिक मरीज पाए जा रहे थे, लेकिन रविवार को कल्याण-डोंबिवली में सबसे अधिक मरीज मिले हैं.

यहाँ पर 24 घंटे में 293 नए केस पाए गए हैं, जबकि सर्वाधिक 9 लोगों की मौत दर्ज की गई. यहाँ पर अब तक कुल संक्रमितों की संख्या 47 हजार 888 और मृतकों की संख्या 955 तक पहुँच चुकी है. वहीं ठाणे मनपा क्षेत्र में रविवार को 255 मरीज मिले और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है. यहाँ पर कोरोना से कुल संक्रमितों की संख्या 43 हजार 571 और मृत मरीजों की संख्या 1104 तक पहुँच चुकी है. नवी मुंबई महानगर पालिका की सीमा में भी संक्रमण बढ़ता नजर आ रहा है. इस मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 24 घंटे के भीतर 239 नए संक्रमित मरीज पाए गए और 4 मरीजों की मौत दर्ज की गई. इस प्रकार यहाँ पर कुल संक्रमितों की संख्या 42 हजार 212 और मृतकों की संख्या 850 तक पहुँच चुकी है.

मीरा-भाईंदर महानगर पालिका की सीमा में 79 नए मरीज पाए गए हैं और 4 मरीजों की मौत पिछले 24 घंटे के भीतर दर्ज की गई है. यहाँ पर कुल कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या 21 हजार 291 हो चुकी है और मृतकों आंकड़ा 671 तक पहुँच गया है.

भिवंडी-उल्हासनगर में कम हुए मामले

भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में हालांकि कम मरीज पाए जा रहे हैं, जो यहाँ के नागरिकों के राहत की बात है. रविवार को यहाँ पर 36 कोरोना से संक्रमित केस सामने आए हैं और एक भी मरीज मौत दर्ज नहीं की गई है. यहाँ पर कुल संक्रमितों की संख्या 5 हजार 669 और मृत मरीजों की संख्या 328 हो चुकी है.भिवंडी की तरह ही उल्हासनगर में भी कोरोना का फैलाव कम होता दिखाई दे रहा है. यहाँ पर रविवार को को 29 नए मरीज पाए गए और 1 मरीज की मौत दर्ज की गई है. यहाँ पर कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हजार 855 और मृतकों की संख्या 334 तक पहुँच चुकी है.

अंबरनाथ में भी कम हुए मरीज

पिछले 3 दिनों से अंबरनाथ नगर पालिका क्षेत्र में कोरोना का फैलाव कम होता दिखाई दे रहा हैं. रविवार को यहाँ पर 24 घंटे के भीतर 26 नए केसेस पाए गए और इस प्रकार कुल संक्रमितों की संख्या 6 हजार 994 हो चुकी है. इसी प्रकार बदलापुर नगर पालिका क्षेत्र में 43 नए मरीज मिले हैं और यहाँ पर कुल संक्रमितों की संख्या 6 हजार 956 तक पहुंच चुकी है. जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना के नए मरीज सामने आ रहे है. जोकि जिला प्रशासन के चिंता का विषय बना हुआ है. रविवार को ठाणे ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न इलाकों से करीब 69 नए मरीज पाए गए और 2 मरीजों की पिछले 24 घंटे में मौत दर्ज की गई है. इस तरह यहाँ पर कुल कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 16 हजार 034 तक पहुँच चुकी है और मृतकों की संख्या 487 हो पहुंच चुकी है.

कोरोना@Thane

माह अनुसार बढ़ रहे संक्रमितों की संख्या

मार्च	अप्रैल	मई	जून
35	940	8267	33324

जुलाई	अगस्त	सितंबर
85956	125686	175012

कुल पॉजिटिव	मृत्यु	छुट्टी
200470	5070	181526

	नए मरीज	कुल मरीज	ठीक हुए	मृत
ठाणे शहर	266	43571	39122	1104
नवी मुंबई	239	42212	38461	850
कल्याण-डोंबिवली	293	47888	44182	955
मीरा-भाईंदर	79	21291	19303	671
उल्हासनगर	29	9855	8971	324
भिवंडी	36	5669	5006	328
अंबरनाथ	26	6994	6454	258
बदलापुर	46	6956	6592	93
ठाणे ग्रामीण	69	16034	13434	487

(उक्त आंकड़े जिला व सूचना जनसंपर्क कार्यालय द्वारा प्राप्त हैं.)

नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र

मृत्यु दर में आई कमी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई. मनपा के क्षेत्र में कोरोना से होने वाली मृत्यु दर में 1.11 प्रतिशत की कमी आई है. जुलाई 2020 में मनपा के क्षेत्र में कोरोना से होने वाली मृत्यु की दर 3.12 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 2.01 प्रतिशत हो गई है. वहीं इस बीमारी से ठीक होने का प्रतिशत में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. 14 जुलाई 2020 तक इस बीमारी से ठीक होने का प्रतिशत 61 था. जो अब बढ़कर 91 प्रतिशत हो गया है.

रिकवरी रेट में हुई वृद्धि

गौरतलब है कि 14 जुलाई 2020 को अभिजीत बांगर ने बतौर आयुक्त नवी मुंबई महानगरपालिका का पदभार संभाला था. जिसके बाद उन्होंने कोरोना की रोकथाम करने के लिए 'मिशन ब्रेक दी चेन' अभियान की शुरुआत की, जो अब भी जारी है. 'मिशन ब्रेक दी चेन' के तहत मनपा के क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की खोज, उनकी जांच व उपचार का काम किया जा रहा है. जिसकी बदौलत कोरोना के मरीजों की जल्द से जल्द पहचान होने से उनका उपचार भी जल्द से शुरू हो पा रहा है. जिसकी वजह से मनपा के क्षेत्र में रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है.

सावधानी बरतने की अपील

मनपा के क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या में गिरावट आ रही है, लेकिन इसका खतरा अभी टला नहीं है. इसलिए इस बीमारी के संक्रमण से बचने के लिए नागरिकों को सावधानी बरतने की जरूरत है. जिसके लिए घर से बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना तथा समय-समय पर साबुन से हाथ धोना जरूरी है. सावधानी बरतकर ही कोरोना को हराया जा सकता है.

-अभिजीत बांगर, एनएमएमसी आयुक्त

नवरात्रि पर अजब संयोग

अस्पताल में 9 बच्चियों का जन्म

संवाददाता@नवभारत

कल्याण. नवरात्रि का पहला दिन कल्याण के वैष्णवी हॉस्पिटल के लिए कुछ खास रहा. इस अस्पताल में शनिवार को एक ही दिन में 9 बच्चियों का जन्म हुआ है. नवरात्रि के पहले ही दिन इस संयोग को लेकर अस्पताल के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी काफी चर्चा हो रही है. कल्याण में डॉ. अश्विन कक्कर की सामाजिक और संवेदनशील व्यक्ति के तौर पर पहचान है. शनिवार को उनके अस्पताल में करीब 12 महिलाओं की प्रसूति (डिलिवरी) की गई, जिनमें 11 में से 9 महिलाओं ने बच्चियों को जन्म दिया है. ऐसी जानकारी डॉ. अश्विन कक्कर ने दी है. विशेष विशेष बात यह है कि शनिवार से ही नवरात्रि उत्सव का शुभारंभ हुआ है और नवरात्रि उत्सव के पहले ही दिन एक अस्पताल में एक दिन में 9 कन्याओं का जन्म होने से कुछ लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि 9 कन्याओं के रूप में नवदुर्गा ने जन्म लिया है. उक्त अस्पताल की डॉ. पूजा कोली ने कहा कि हमारे अस्पताल में एक दिन में 11 डिलीवरी (प्रसूति) हुई है यह कोई नई बात नही है, लेकिन एक दिन में वह भी नवरात्रि के पहले दिन 9 कन्याओं (बच्चियों) का जन्म होना जरूर अलग और आनंद की बात है.

38 मामलों का निपटारा

संवाददाता@नवभारत

09 मामले रहे प्रलंबित

भिवंडी. भिवंडी पुलिस द्वारा सप्ताह के हर शनिवार को सामान्य तक्रार निवारण दिवस का आयोजन किया जाता है. इस महीने के तीसरे शनिवार को भी भिवंडी पुलिस उपायुक्त राज कुमार शिंदे के निर्देश पर भिवंडी पुलिस उपायुक्तालय के अंतर्गत सभी 6 पुलिस स्टेशनों में पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में सामान्य शिकायत निवारण दिन का आयोजन किया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार तक्रार निवारण दिन के अवसर पर 76 शिकायत कर्ताओं को बुलाया गया था, जिसमें से 47 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई. विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हुई सुनवाई के दौरान 38 शिकायतों का निवारण किया गया जिससे 9 शिकायत कर्ताओं के मामले पर लंबित रह गए.भिवंडी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सामान्य तक्रार निवारण दिवस को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और लोगों में पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा भी हो रही है.

ठाणे को पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन फटी

लाखों लीटर पानी बर्बाद

संवाददाता@नवभारत

भिवंडी. ठाणे शहर, मीरा भायंदर, भिवंडी व ग्रामीण भाग को जल आपूर्ति करने वाली स्टेम प्राधिकरण की 1530 मिलीमीटर व्यास की पाइप लाइन भिवंडी-ठाणे बाईपास रोड के किनारे पिंपलास गांव की सीमा में फटने से पानी का फुहारा फूट पड़ा, जिसके कारण लाखों लीटर पानी बर्बाद हो गया.

मरम्मत में जुटा जल आपूर्ति विभाग

स्टेम प्राधिकरण ठाणे के जनरल मैनेजर अनिल चौधरी ने बताया कि ठाणे शहर भाईंदर, एमआईडीसी को जलापूर्ति करने वाली पाइपलाइन में क्रेक आ जाने के कारण उक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पर ज्यादा असर न पड़े इसके लिए पानी की आपूर्ति बंद न करते हुए पाइप की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी किया गया है. पानी की पाइप मरम्मत के दौरान उक्त क्षेत्रों में जलापूर्ति कम रहेगी तथा दूसरे दिन भी पानी की जलापूर्ति कम दबाव में होगी.

त्योहारों के मद्देनजर पुलिस का रूट मार्च

नवभारत न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. वर्तमान समय में नवरात्रि का पर्व शुरू है. इसके बाद विजया दशमी है व 30 को ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार है. कोविड के कारण लोग सभी पर्व शांति व सादगी से मनाए इस पर पुलिस की विशेष नजर है. लोगों में जागरूकता फैलाने व शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस ने रविवार को शहर में रूट मार्च किया. अंबरनाथ पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक संजय धुमाल के नेतृत्व में 2 वरिष्ठ अधिकारी, 30 कमांडो, 17 एसआरपी के जवान, महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारी आदि ने रूट मार्च में भाग लिया.

उपचार

योग के माध्यम से श्वास की समस्याओं का निदान

कोविड-क्वारन्टीन सेंटर में ऑनलाइन योगा

वीरेंद्र मिश्र@नवभारत

ठाणे. ठाणे मनपा द्वारा बनाए गए ग्लोबल कोविड अस्पताल और कलवा स्थित क्वारन्टीन सेंटर में मरीज ऑनलाइन योग सीख रहे हैं. साथ ही इनडोर गेम खेलने की भी व्यवस्था की गई है. महापौर नरेश म्हस्के के अनुसार कोरोना के कारण मरीजों को श्वास संबंधित अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है. ऐसे में योग के माध्यम से श्वास की समस्याओं को आसानी खत्म किया जा सकता है. इसलिए उन्होंने योग कक्षाएं शुरू करने का निर्देश मनपा आयुक्त को दिया था.कोविड-19 का अभी तक वैक्सीन नहीं मिल पायी है. वहीं कोरोना को हराने के लिए भारतीय उपचार अधिक प्रभावी साबित हो रहा है. इसका उपयोग विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है, जिसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी, प्लाज्मा और योग का समावेश है. संक्रमित मरीज योग और प्राणायाम के माध्यम से खुद को ठीक कर सकते हैं. इसलिए प्रशासन ने महापौर नरेश म्हस्के के सुझाव को स्वीकार करते हुए बालकुम स्थित ग्लोबल कोविड सेंटर में घंटाली मित्र मंडल योग प्रशिक्षक द्वारा योग का पाठ ऑनलाइन तरीके से मरीजों को दिया जा रहा है.

मरीज खेल रहे हैं इनडोर गेम

योग प्रशिक्षक गणेश अंबिके ने कहा कि मरीजों के साथ बातचीत करके, उनके मानसिक स्वास्थ्य और मनोबल को बढ़ाया जा रहा है. इस पहल को रोगियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और इसके सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में दिखाई देंगे. ठाणे मनपा महापौर ने बताया कि कोरोना मरीज और कोरोना से ठीक होनेवाले मरीज योग के माध्यम से स्वयं स्वास्थ को बहेतर बना सकते है इसलिए योग कक्षाएं शुरू की गई हैं.

विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

परिमंडल-1 के उपायुक्त मनीष जोशी ने बताया को यहां पर प्रत्येक दिन कर्मचारी रंग के अनुसार कपड़े परिधान करके आ रहे हैं. वहीं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी मरीजों के लिए रखी गई है. जिसमें पहले दिन 17 अक्टूबर को शाम 8.30 से 9 बजे तक संगीत कुर्सी का आयोजन किया गया था. दूसरे दिन 18 अक्टूबर को कर्मचारी नारंगी ड्रेस में आये और मरीजों के लिए चैन गेम आयोजित किया गया. इसी प्रकार आगे भी विविध कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं, जबकि नौवें दिन दशहरा मनाया जाने वाला है.

नवरात्र में चल रहा गरबा

इसी तरह कलवा डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर द्वारा कोरोना मरीजों का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य के गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड और मनपा आयुक्त विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में परिमंडल-1 के उपायुक्त मनीष जोशी के नेतृत्व में नौ दिनों तक अलग-अलग मनोरंजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन सभी कर्मचारी वर्ग और कोविड मरीज मिलकर कर रहे हैं.

09 दिनों तक

यहां पर कर्मचारी वर्ग जहां ड्रेस कोड परिधान कर 9 दिनों तक प्रतिदिन शाम 7.30 से 8.30 बजे तक मरीजों के लिए 'गरबा' का आयोजन भी कर रहे हैं. इस दौरान धीमी आवाज में गरबा डांस के लिए गाना भी बजाया जा रहा है और मरीज भी हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं. साथ ही मरीजों का उत्साह बढ़ाने के लिए 'बेस्ट गरबा डान्सर अवॉर्ड' भी प्रतिदिन दिया जा रहा हैं.

मास्क नहीं लगाने वाले

3013 लोगों पर कार्रवाई

1507000 रुपए वसूला जुर्मान

सवादद‌ाता@नवभारत

कल्याण. कल्याण-डोंबिवली मनपा प्रशासन ने मनपा क्षेत्र में बढ़ते कोरोना के प्रभाव को रोकने के लिए पुलिस की सहायता से मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर रखी है. जिसके तहत मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्ति से 500 रुपये जुर्माना वसूला जा रहा है. इस माह अक्टूबर महीने में 17 अक्टूबर तक कुल 3013 लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मनपा प्रशासन ने 15 लाख 7 हजार रुपये जुर्माना वसूल कर मनपा खजाने में जमा किया है.

- मनपा आयुक्त विजय सूर्यवंशी के आदेश पर कडोंमपा प्रशासन ने मास्क नहीं लगाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 1 से 3 अक्टूबर के शुरुआती 3 दिनों में मास्क नहीं लगानेवाले 822 लोगों से 4 लाख 12 हजार रुपए जुर्माना वसूला. वहीं 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक 6 दिनों में 1058 लोगों से 5 लाख 29 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया. यानी 9 दिनों में 1880 लोगों से 9 लाख 40 हजार रुपये दंड वसूल किया गया.
- इसके बाद लगातार दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 10 से 17 अक्टूबर तक कुल 1133 लोगों से 5 लाख 67 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया. इस प्रकार 1 से 17 अक्टूबर तक बिना मास्क धरे गए कुल 3013 लोगों से 15 लाख 7 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया.

सिविल अस्पताल में लगा ऑक्सीजन का प्लांट

दशहरे के दिन से होगी शुरुआत

नवभारत न्यूज नेरवर्क

ठाणे. कोविड मरीजों के लिए जिला सिविल अस्पताल में अब दशहरा के शुभ मुहूर्त पर ऑक्सीजन का 'कोठार' अर्थात प्लांट खुलने वाला है. इससे मरीजों को नॉनस्टॉप प्राणवायु की आपूर्ति की जाएगी. इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने करीब 10 और 6 हजार लीटर का लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया है और इस सप्ताह में इसके मंजूरी के प्रमाणपत्र भी मिलने वाले हैं. इस प्लांट के कार्यान्वित होने के बाद एक भी मरीज को ऑक्सीजन की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और मरीजों की जान भी नहीं जाएगी.मिली जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल के परिसर में लिक्विड ऑक्सीजन उपलब्ध करके देने का यह राज्य का पहला प्रयोग है. इससे मरीजों को नॉनस्टॉप प्राणवायु मिलेगी.

- जिला सिविल अस्पताल ने इसके लिए ऑक्सीजन की दो टंकी का निर्माण कराया है. जिसमें एक में 10 हजार और दूसरे में 6 हजार क्षमता यानी कुल 16 हजार क्षमता की टंकी बनाई गई है.
- साथ ही इन दोनों टंकियों में यदि ऑक्सीजन का स्तर कम होता है तो ऑटोमैटिक ऑक्सीजन रिफिल करने की सूचना भी तत्काल मिले इसकी भी व्यवस्था की गई है.

एक साथ 500 मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति

अस्पताल के जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार का कहना है कि दोनों टंकियों में लिक्विड ऑक्सीजन का हवा में रुपांतर करने की यंत्रणा भी निर्माण किया गया है. सेंट्रलाईज कनेक्टिविटी द्वारा यह ऑक्सीजन एक साथ एक ही समय पर करीब 500 मरीजों तक आपूर्ति की जा सकती है. इसलिए कोरोना काल में यह ऑक्सीजन यंत्रणा वरदान के रूप में काम करने वाली है. साथ ही डॉ पवार ने इस तकनीक भविष्य में संकट के दौरान अच्छा साथ देने का विश्वास भी व्यक्त किया.

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400 021.

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक की नीचे उल्लिखित प्रतिभूतियों के शेयर/बांड प्रमाणपत्र इनके पंजीकृत धारकों/भावी धारकों द्वारा हस्तांतरण विलेखों के विधिवत निष्पादन के बाद/के बिना खो गए हैं/लापता हो गए हैं. उन्होंने बैंक से इनके डुप्लीकेट प्रमाणपत्र अपने नाम जारी करने का अनुरोध किया है. यदि किसी व्यक्ति का इन शेयरों/बांडों पर दावा है तो वे अपनी दावेदारी बैंक के ट्रांस्फर एजेंट मेसर्स अलंकित असाइनमेन्ट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्पलेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055, (ईमेल पता: sbi.igr@alankit.com) को इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर दर्ज करा सकते हैं, अन्यथा बैंक बिना किसी अगली सूचना के इन शेयरों/बांडों के डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर देगा.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या से	प्रमाणपत्र संख्या तक	विशिष्ट संख्या से	विशिष्ट संख्या तक
1	07501507	प्रीति गुप्ता	47	(6301580)*	(6301580)*	(8057940050)*	(8057940096)*
2	02533145	वरुशालि विनायक कुलकर्णी	650	(199600)*	(199600)*	(7447102961)*	(7447103610)*
3	07114310	सुरेंद्र धर दीवान विद्या दीवान	800	(233122)*	(233122)*	(7462241321)*	(7462242120)*
4	07105613	प्रसन्ना कुमार दास जयंति दास	400	(229286)*	(229286)*	(7460587391)*	(7460587790)*
5	07526213	राकेश शर्मा	240	(6326228)*	(6326228)*	(8063956249)*	(8063956488)*
6	01349924	परमार दौलतसिंह अर्जुनसिंह परमार दर्शनाबा दौलतसिंह	500	(129359)*	(129359)*	(7411038641)*	(7411039140)*
7	02534754	गोडबोले शिल्पी शिरीष गोडबोले शिरीष रामचंद्र	500	(199714)*	(199714)*	(7447160841)*	(7447161340)*
8	01953598	कामिनी गोयल सुभाष	500	(165558)*	(165558)*	(7429580011)*	(7429580510)*
9	07400858	उमा देवी यू नारायणन् नम्बूतिरी	264	(6201615)*	(6201615)*	(8009344003)*	(8009344266)*
10	00853908	सुशीला सोरेंग किशोर कुमार कुल्लू	530	(83519)*	(83520)*	(7393724901)*	(7393725430)*
11	07509164	गणेश नारायण पुरोहित	140	(6309226)*	(6309226)*	(8059854729)*	(8059854868)*
12	07500724	गणेश नारायण पुरोहित	168	(6300803)*	(6300803)*	(8057839067)*	(8057839234)*

*कोष्ठक में दिए गए आँकड़े स्टॉक विभाजन के परिणामस्वरूप ₹1 के अंकित मूल्य के मौजूदा शेयर्स के विवरण प्रदर्शित करते हैं (रेकॉर्ड का दिनांक 21.11.2014)

सिक्योरिटीज को भौतिक या कागजी रूप में रखने पर उनकी डिलीवरी न होने, बेईमानों द्वारा गलत इस्तेमाल, चोरी के कारण खो जाने, कटने-फटने, गुम हो जाने का खतरा रहता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सेबी के आदेशानुसार 01.04.2019 से सिक्योरिटी के ट्रांस्फर हेतु किसी ऐसे अनुरोध पर प्रक्रिया नहीं की जाएगी, अगर डिपॉजिटरी के पास धारित सिक्योरिटीज़ डीमैटेरियालाइज्ड रूप में न हो.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 19.10.2020
शेयरों की संख्या: (4739)*
प्रमाण पत्रों की संख्या: (13)*
महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. कार्य का नाम एवं स्थान:** पाटलीपुत्र रेल परिसर दीघा, में ऑफिसर क्लब, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का विस्तार से संबंधित विद्युतीकरण एवं पावर सप्लाई का व्यवस्था, नया सब स्टेशन एवं जी 5 टावर का बचे हुए विद्युत कार्य। **ई. निविदा संख्या:** EL/C/N/MHX/ETEN/ 79/20-21 **क्र.सं. 2. अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 1,05,36,294/- **क्र.सं. 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** यथा क्रम रु0 2,02,700/- एवं रु0 शून्य/- **क्र.सं. 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04.11.2020 दोपहर 12.00 बजे तक। **क्र.सं. 5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट पर, निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पटट पर देखा जा सकता है। **नोट:** आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल, हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/
उत्तर, पू.म.रे. /समस्तीपुर
पीआर/778/कॉन/वि./टी/20-21/52

कोरोना से बचें
सही से मास्क पहनें
हाथ धोएं बार बार
निभाए दो गज की दूरी
जब तक दवाई नहीं,
तब तक ढिलाई नहीं

पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद डिविजन
फ्लेश बट वेल्डिंग के लिए निविदा सूचना

नं.: W/623/02/2020-21, दिनांक: 13.10.2020 **(i) ई-टेंडर नं.:** CWM-EW-SBI-02-2020-21, **कार्य का नाम:** फ्लैश बट्ट वेल्डिंग 52 किग्रा/60 किग्रा रेल ठेकेदार के अपने फ़्लैश बट्ट वेल्डिंग प्लांट के साथ 3/10/20 रेल पैनल स्टेशनरी मोड पर, इंजीनियरिंग वर्कशॉप, साबरमती में फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के परिसर में, वर्कशॉप में मौजूदा स्थान पर/ इंजीनियरिंग वर्कशॉप के नए स्थान, साबरमती, नियर कालिगांव, अहमदाबाद में बनाने हेतु। **स्थान:** कार्यालय मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, इंजीनियरिंग कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, डी केबिन, साबरमती, अहमदाबाद-380019, टेलीफ़ोन 079-27506503 और 079-27508245 समापन अवधि: 05 महीने। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,22,18,600.00 /- **(iii) जमा की जाने वाली धनराशि:** ₹2,61,100.00/- **(iv) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 11.11.2020 को 15:00 बजे तक **(v) निविदा खोलने की तिथि और समय:** 11.11.2020 को 15:30 बजे। **(vi) नोटिस बोर्ड स्थान और कार्यालय का पता:** कार्यालय मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, इंजीनियरिंग कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, डी केबिन, साबरमती, अहमदाबाद - 380019, दूरभाष: 079-27506503 और 079-27508245, **वेबसाइट विवरण** www.ireps.gov.in **नोट:-** कार्य की पूरी विस्तृत शर्तें और नियम रेलवे वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक ब्रिज कार्यशाला (एस एंड टी), पश्चिम रेलवे, साबरमती, अहमदाबाद
ADI-123
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

महावितरण
जाहीर सूचना

२२/२२ के.व्ही. लोकधारा स्विचींग स्टेशन मधून निघणारी खालील वाहीनी दुरूस्तीच्या व इतर कामाकरीता बंद राहणार असुन या काळात कल्याण (पूर्व) विभागामधील खालील परिसरातील विद्युत पुरवठा पुर्णपणे बंद राहील याची ग्राहकांनी नोंद घ्यावी व म.रा.वि.वि.कंपनीस सहकार्य करावे ही विनंती.

वाहीनीचे नाव	दिनांक	वेळ	प्रभावित क्षेत्र
लोकधारा वाहीनी क्रं.३०५	१९.१०.२०२०	१३.१० ते १६.३०	लोकग्राम, लोकवाटीका, लोकधारा, नेतिवली नाका, मराठी शाळा, राधा कृष्णा मंदीर, आनंद नगर, शिवालय फेज - १/२, हार्ड कॅस्टल.

कार्यकारी अभियंता, कल्याण (पूर्व) विभाग.

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक -सी/370/पत्र सं.-सी/370/बांदा पे एण्ड यूज टायलेट /झांसी/को ।।। दिनांक: 15.10.2020

बांदा रेल्वे स्टेशन के शौचालयों व स्नानग्रहों की निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा अधोलिखित कार्य हेतु 3 वर्ष की अवधि के लिए एक पैकेट पद्धति के अन्तर्गत बांदा रेल्वे स्टेशन के शौचालयों व स्नानग्रहों के साफ सफाई एवं रखरखाव के ठेके की निविदा ई टेंडरिंग की पद्धति से ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in पर नीचे दी गई तिथि व समय पर आमंत्रित की जाती है ।

निविदा संख्या	स्टेशन का नाम	बयाना राशि	निविदा फार्म का मुल्य जी एस टी सहित	निर्धारित लाइसेंस फीस प्रति वर्ष की	ठेके की कुल लागत तीन साल के लिए
158-BANDA-2020	BANDA	₹ 70,100/-	₹ 5900/-	₹ 7,00,371/-	₹ 22,51,623/-

निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय: 11.11.2020, 15.00बजे तक, **निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि व समय:** 11.11.2020 15.00 बजे तक। निविदा फार्म केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in पर भरे जा सकते हैं। मैनुअली/पोस्टल/फैक्स के माध्यम से प्रेषित की गयी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती हैं कि वह क्लास-।।। के डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, कम्पनी नाम इत्यादि के द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पंजीकरण करा सकते है, जिसके अन्तर्गत रजिस्टर्ड ठेकेदार द्वारा निविदा फार्म की राशि तथा बयाना राशि नैट बैंकिंग के अन्तर्गत Sr. DFM JHANSI (वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक झांसी) के नाम जमा की जाएगी। निविदा प्रपत्र ई टेंडरिंग की पद्वती से ही स्वीकार किए जाऐंगे निविदा ऑफर की वैधता अवधि निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन तक ही रहेगी निविदा बंद होने की तिथि 11.11.2020 15.00 बजे तक रहेगी प्रकार के दिशा-निर्देश, शुद्धिपत्र का विवरण सभी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। 1089/20(AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR